बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

आदेश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभागान्तर्गत तत्कालीक व्यवस्था स्वरूप नव स्वीकृत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के संपोषण/वित्तीय संचालन हेतु निम्नांकित विवरणी के अनुसार स्तम्भ–4 में अंकित नवस्वीकृत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के लिए स्तम्भ–2 में अंकित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों को प्रतिपालक (Mentor) के रूप में अभिचिन्हित किया जाता है:–

क्र0 स0	Mentor राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का नाम	प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य	Foster (सम्पोषण) हेतु नव स्वीकृत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1	एम0आई0टी0, मुजफ्फरपुर	डा0 अचिन्त्य, प्राचार्य	सीतामढ़ी इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सीतामढ़ी	
2	गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया	डा0 रामकिशोर सिंह, प्रभारी प्राचार्य	शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम	
3	भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर	डा0 निर्मल कुमार, प्रभारी प्राचार्य	कटिहार अभियंत्रण महाविद्यालय, कटिहार	
4	लोक नायक जय प्रकाश प्रौद्यौगिकी संस्थान, छपरा	डा0 अनिल कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य	बी0पी0 मण्डल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा	डा0 एम0के0 झा0, बी0पी0 मंडल अभियंत्रण महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रभारी प्राचार्य बने रहेंगे।
5	दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा	डा0 असीम कुमार ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य	राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, अभियंत्रण महाविद्यालय, बेगूसराय	

2. वर्णित प्रतिपालक (Mentor) राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य अपने आवंटित डी0डी0ओ0 कोड एवं संबंधित कोषागार से नवस्वीकृत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के लिए राशि की निकासी एवं व्यय के लिए प्राधिकृत किये जाते है। कमांक–01 को छोड़कर कमांक–02 से 05 तक के प्रभारी प्राचार्यो को एतद् विषयक नई बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 84 के अधीन निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की वित्तीय शक्ति अस्थायी रूप से अगले आदेश तक प्रदान की जाती है।

3. इसके अतिरिक्त डा0 कुमार सुरेन्द्र, उप निदेशक, (यो0) को नई बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम 84 के अधीन बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, बख्तियारपुर का निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की वित्तीय शक्ति अस्थाई रूप से अगले आदेश तक प्रदान की जाती है।

ह0/-

अपर सचिव,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि0 प्रा0 (I) व³–66/2002 **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि–सभी संबंधित प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्यो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
अपर सचिव,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि0 प्रा0 (I) व³–66/2002 **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि–महालेखाकार बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, छपरा, दरभंगा एवं बाढ़ (पटना)/निदेशक/उप निदेशक (यो0)/बजट सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि0 प्रा0 (I) व³–66/2002 656 **पटना, दिनांक–** 2/3/016

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव तथा प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/आई0 टी0 मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

01/3/16

2/3/16
अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

Draft_26-02-16 sir syst aadesh